<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 12.06.2024

थाना सफदरगंज पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार,कब्जे से 04 बण्डल लोहे का तार वजन करीब 80 किग्रा0, 01 अदद अल्टीनेटर व 01 अदद मोटर साइकिल बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह के आदेशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11.06.2024 को थाना सफदरगंज पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 260/2024 धारा 380 भादवि0 में वांछित अभियुक्त विजय सिंह उर्फ विज्जू उर्फ विमल सिंह पुत्र स्व. शिवशंकर उर्फ मानबहादुर निवासी ग्राम राजापुर थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को कल्याणी नदी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 04 बण्डल लोहे का तार वजन करीब 80 किग्रा0, 01 अदद अल्टीनेटर व घटना कारित करने में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस UP 32 BS 8478 बरामद किया गया। अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि0 की बढ़ोत्तरी की गई।

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों राजकुमार उर्फ ननके तिवारी, धर्मराज उर्फ छोटकन्ने तिवारी पुत्रगण कन्हईलाल तिवारी निवासीगण जदवापुर थाना टिकैतगंज जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर दिनांक 10.06.2024 को कोल्ड स्टोर सफदरगंज के पास एक मकान में चोरी की घटना कारित की थी जिसके सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पर मु0अ0सं0 260/2024 धारा 380 भादवि0 पंजीकृत है। वांछित अभियुक्तगण राजकुमार उर्फ ननके तिवारी, धर्मराज उर्फ छोटकन्ने तिवारी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

विजय सिंह उर्फ विज्जू उर्फ विमल सिंह पुत्र स्व. शिवशंकर उर्फ मानबहादुर निवासी ग्राम राजापुर थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली

<u>बरामदगी-</u>

1. 04 बण्डल लोहे का तार वजन करीब 80 किग्रा0
2. 01 अदद अल्टीनेटर
3. 01 अदद मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस UP 32 BS 8478

<u>पुलिस टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री सत्यपाल सिंह थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी
3. उ0नि0 श्री अर्जुन सिंह भदौरिया थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी
4. का0 विष्णु तिवारी, का0 रमेश पटेल थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी